ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्प्ले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

समाधान ऑनलाइन की समस्याओं के निराकरण को लेकर बैठक 17 को

ग्वालियर 15 अक्टूबर . समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों से संबंधित समस्याओं का तेजी से निराकरण करने के निर्देश संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। इस सिलसिले में उन्होंने 17 अक्टूबर को संभागीय अधिकारियों की बैठक बुलाई है। इस दिन यह बैठक प्रातः 11.15 बजे संभाग आयुक्त कार्यालय के सभागार में रखी गई है।

वाल्मिक समाज के कई सदस्यों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 15 अक्टूबर। समाजसेवी रमेश भेरूआ के नेतृत्व में बाल्मिक समाज के अनेक सम्मानित साथियों ने कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति और श्री राहुल गांधी के संघर्ष, कार्यशैली एवं समर्पण से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र यादव जी ने सभी नए सदस्यों को कांग्रेस का पट्टा पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया और औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता दिलाई।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व और कांग्रेस पार्टी की समावेशी विचारधारा की सराहना की।

समाजसेवी रमेश भेरूआ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही वह मंच है जो समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलती है और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर संघर्ष करती है।

इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है, जब समाजसेवी रमेश बैरवा जी के नेतृत्व में बाल्मिक समाज के हमारे भाई कांग्रेस परिवार का हिस्सा बने हैं। हम सब मिलकर कांग्रेस के सिद्धांतों को मजबूत करें और समाज के उत्थान के लिए कार्य करें।

सदस्यता ग्रहण करने वाले में अशोक मेना, दिलीप खरे, अमर भेरूआ, बबलू कड़ेरे, रिंकू शिवहरे, सुनील शिवहरे, सुनील राठौर, दीनदयाल, मनीष करोसिया, सागर धौलपुरिया, राहुल करोसिया, अंसार खान, मनोज गुप्ता, आरिफ खान, विनोद धौलपुरिया, विशाल खरे, दीपू भदोरिया, मोहित छारी, सन्नी राजपूत सहित अनेक बाल्मिकी समाज के नागरिक थे।

सीआईपीईटी PLASTOROCKS-2025 खेल समारोह का शुभारंभ, छात्रों में दिखा उत्साह

ग्वालियर 15 अक्टूबर. PLASTOROCKS-2025 वार्षिक खेल सप्ताह का उद्घाटन समारोह आज सीआईपीईटी सीएसटीएस आयोजित किया गया। इस समारोह के साथ 15 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले तीन दिवसीय खेल महाकुंभ की औपचारिक शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे सीआईपीईटी सीएसटीएस ग्वालियर के केंद्र प्रमुख द्वारा रिबन काटने की रस्म के साथ हुई, जो खेल सप्ताह के आधिकारिक उद्घाटन का प्रतीक था। गणमान्य व्यक्तियों के साथ प्रशिक्षण प्रभारी तबरेज अहमद, तकनीकी अधिकारी, संकाय सदस्य और खेल समिति के सदस्य भी मौजूद थे। रिबन काटने के बाद, कार्यक्रम जारी रहा, स्वागत भाषण और खेल कप्तान के नेतृत्व में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। विभिन्न बैचों के छात्रों ने अनुशासन और उत्साह का प्रदर्शन करते हुए मार्च-पास्ट में भाग लिया। अपने उद्घाटन भाषण में, निदेशक एवं प्रमुख टी.एम. वेधाचलम ने आयोजन टीम को बधाई दी और छात्रों को पूरी भावना, टीम वर्क और खेल भावना के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने समग्र विकास के लिए शारीरिक फिटनेस और पाठ्येतर गतिविधियों के महत्व पर ज़ोर दिया। समारोह का समापन जयकारों के साथ हुआ जब संस्थान परिसर में PLASTOROCKS-2025 का पहला क्रिकेट मैच शुरू हुआ, जिसके साथ अगले तीन दिनों में आयोजित होने वाली रोमांचक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला की शुरुआत हुई।

छिंदवाड़ा में जहरीला कफ सीरप पीने से मृत मासूम बच्चों की आत्मा की शांति एवं दोषियों पर कड़ी कार्यवाही हेतु आज कांग्रेस का मौन धरना

ग्वालियर 15 अक्टूबर। छिंदवाड़ा में विगत दिनों जहरीला कफ सीरप पीने से मासूम बच्चों की असमय मृत्यु से समस्त प्रदेशवासियों में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है। इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले बच्चों की आत्मा की शांति के लिए तथा इस मामले में दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक शांतिपूर्ण मौन धारणा का आयोजन किया जा रहा है। यह मौन धरना आज 16 अक्टूबर को शाम 4 बजे से 6 बजे तक कंपू स्थित कमलराजा चिकित्सालय के सामने नेहरू पार्क में आयोजित किया जाएगा।

नाबालिग से बलात्कार- दोषी को 20 साल की सजा-ग्वालियर कोर्ट ने 7500 रुपए का जुर्माना लगाया

ग्वालियर के विशेष सत्र न्यायालय ने नाबालिग से बलात्कार के आरोपी शुभम उर्फ शिवम जाटव को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 7 हजार 500 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। आरोपी प्रेम नगर का निवासी है। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक हरिओम वर्मा ने बताया कि पीड़िता अपनी मां के साथ शिवम जाटव के खिलाफ दर्ज छेड़छाड़ के मामले में बयान देने आ रही थी। शिवम ने पीड़िता को फोन कर गवाही न देने और उसे लेने आने की बात कही थी। पीड़िता 10 दिसंबर 2024 को पनिहार रेलवे स्टेशन पर उतरी और बस से ग्वालियर पहुंची। आरोपी शिवम पीड़िता को जयपुर ले गया। राजस्थान घूमने के बाद वे वापस लौटे और ग्वालियर के एक होटल में आरोपी ने उसके साथ बलात्कार किया। पनिहार थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। कोर्ट ने सभी सबूत के आधार पर दोषी को सजा सुनाई ।

भारतीय कृषि आर्थिक अनुसंधान केंद्र का चैप्टर अब ग्वालियर में भी शुरू

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के कृषि विज्ञान केन्द्र में भारतीय कृषि आर्थिक अनुसंधान केंद्र (बीएईआरसी) के चैप्टर का शुभारंभ बुधवार को किया गया। उद्घाटन बीएईआरसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. एस.के. दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रगतिशील किसानों के साथ परिचर्चा कर उनकी समस्याओं और समाधान पर विस्तार से चर्चा की।

उद्घाटन संबोधन में डॉ. दुबे ने बीएईआरसी की राष्ट्रीय स्तर पर चल रही गतिविधियों, उद्देश्यों और किसानों के हित में की जा रही पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में आर्थिक सुधार, नीति निर्माण और किसानों की आय वृद्धि के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर डॉ. दुबे ने विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. वाय.पी. सिंह को ग्वालियर चैप्टर का संयोजक तथा कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह कुशवाह को सह-संयोजक घोषित किया। इसके साथ ही उन्होंने 15 सदस्यों की कार्यकारिणी की घोषणा भी की। डॉ. दुबे ने कहा कि बीएईआरसी की अनिवार्य गतिविधियों को स्थानीय स्तर पर शीघ्र आरंभ किया जाएगा, ताकि प्रदेश के किसानों की क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान वैज्ञानिक और आर्थिक दृष्टि से प्रभावी ढंग से किया जा सके।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं Army No. 15782033N Rank Hav Name Shanker Lal Jat Unit 109 Lt AD (SP) Regt resident of Vill-Bhimgarh, Post-Bhimgarh, Teh.- Rashmi, Dist.- Chittorgarh, State- Rajasthan Pin- 332203 सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम KANKV BAI त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरी माताजी का सही नाम KANKU BAI को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं. BX 136165 & Date- 13.10.2025 before District Court Gwalior

नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं Army No. JG-858563M Rank Sub Name- Amar Preet Singh Unit of 109 Lt AD (SP) Regt, Resident at Vill- Tajpur Kalan, Post- Hariana, Hoshiarpur, (Punjab)- 144208 सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिताजी का नाम SEWA RAM एवं D.O.B. 01/07/1952 त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरे पिताजी का सही नाम SEWA DASS एवं सही D.O.B. 18/01/1954 को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं. BX 136168 & Date- 15.10.2025 before District Court Gwalior

नाम परिवर्तन सूचना

मैं Army No. 15782033N Rank- Hav Name- Shanker Lal Jat, Unit- 109 Lt AD (SP) Regt resident of Vill-Bhimgarh, Post- Bhimgarh, Teh.- Rashmi, Dist.- Chittorgarh, State- Rajasthan Pin- 332203 सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिताजी का नाम BHAIRV LAL JAT त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरे पिताजी का सही नाम BHAIRU LAL JAT को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं. BX 136166 & Date- 13.10.2025 before District Court Gwalior

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.01, ग्वालियर
ई-मेल : mpphcgwaliorno1@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग क्र. 01, ग्वालियर द्वारा निविदा क्रमांक 18/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक- 2025_MPPHC_457536_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 01.11.2025 तक** ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/122554/2025 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)

शीतला सहाय प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सौजना - तिघरा, ग्वालियर (म.प्र.)

क्रमाक / विक्षेविप्रा / संपदा / 2025
ग्वालियर दिनांक....

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री गौरव खण्डेलवाल पुत्र श्री अशोक खण्डेलवाल निवास खण्डेलवाल भवन, पड़ाव, स्टेशन रोड ग्वालियर म.प्र. को साडा की आवासीय योजना में सेक्टर ए1 ब्लॉक बी 2. भूखण्ड क्रमांक 1 सी, एच.आई.जी. 600 वर्ग मीटर आकार का आवंटन का अंतरण आदेश क्रमांक/ विक्षेविप्रा/संपदा/2024/289 ग्वालियर दिनांक 31.05.2004 द्वारा आवंटित किया गया था आवेदव द्वारा आवंटित भूखण्ड के पट्टे का हस्तांतरण श्री पियूष रस्तोगी पुत्र श्री पुनीत रस्तोगी निवासी 41, विकास नगर ग्वालियर म.प्र. को किया जाने की अनुमति हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी संस्था / व्यक्ति एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करें नियत तिथि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर पट्टा हस्तारण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
साडा (काउण्टर मैग्नट)
ग्वालियर

आम सूचना

आवेदक नरेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र श्री छीतरिया विश्वकर्मा, निवासी- गंगाराम वेयरहाउस के पीछे, अम्बेडकर कॉलोनी, परगना डबरा एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) के निर्देशानुसार आम व खास को सूचित किया जाता है कि, आवेदक के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक प्लॉट, क्षेत्रफल 705 वर्गफिट, सर्वे क्रमांक 296 / मिन-2 ग्राम डबरा, प.ह.न. 56, रा.नि.म. 02 डबरा, वार्ड नं. 02 पिछोर, तहसील डबरा एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) में स्थित होकर जिसके पूर्व में प्लॉट बघेल, पश्चिम में रोड, उत्तर में प्लॉट गीता बघेल तथा दक्षिण में - प्लॉट बघेल है। उक्त संपत्ति आवेदक ने जर्ये बिक्रय पत्र पंजीयन दस्तावेज क्रमांक एमपी21 आईजीआर 17392025 ए100827424 तथा पंजी. दिनांक 15.09.2025 के द्वारा हरीसिंह पुत्र श्री सेवाराम से क्रय की है। हरी सिंह ने यह प्लॉट श्रीमती गीता बघेल पत्नी करनसिंह बघेल, पंजीकृत बिक्रयपत्र दिनांक 07.12.2023 के द्वारा क्रय की तथा श्रीमती गीता देवी ने एक उक्त संपत्ति सह बड़ा प्लॉट कुल क्षेत्रुल 1645 वर्गफीट श्रीमती रामकली बघेल से रजि. बिक्रयपत्र पंजीयन दिनांक 07.09.2020 को क्रय की थी। खसरे में इन्द्राज अनुसार श्रीमती रामकली बघेल के अतिरिक्त उक्त सर्वे क्रमांकों की भूमि के अन्य सहस्वामी होना प्रतीत है। आवेदकानुसार सहस्वामी को बिक्रय में कोई आपत्ति नहीं थी। चूंकि आवेदक ने मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था के यहां उक्त संपत्ति पर ऋण हेतु आवेदन किया है जो विचाराधीन है। यदि सहस्वामी तथा / अथवा भी किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय आदि को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम से हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के इस नोटिस के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर लिखित रुप में प्रस्तुत करें तदोपरांत् आवेदक का आवेदन स्वीकार योग्य पाये जाने पर ऋणप्रदाता के द्वारा आवेदक की उक्त संपत्ति बंधक कर उस पर ऋण सुविधा प्रदान कर दी जावेगी। उसके उपरांत् की गई कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निरर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा ऋणप्रदाता पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तद्नुसार सूचित हो। दिनांक 15.10.2025

प्रेषक- गजेन्द्र कुमार भार्गव (एडवोकेट)
कार्या. / नि.- हैदरगंज, मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)
कार्या. समय : 7:00 से 9:00 (सुबह एवं शाम)
मो. 9301122311

श्रृद्धांजली सभा

अत्यंत दुःख के साथ सुचित करना पड़ रहा है कि हमारी परम पूज्य नानी जी

श्रीमति मधु जौहरी जी

पती श्री ओमप्रकाश जौहरी (वन विभाग म.प्र.) का आकस्मिक निधन दिनांक 15/10/2025 को हो गया है जिनकी उठावनी दिनांक 17/10/2025 शुक्रवार को सांय 4 से 5 बजे तक मांधोगंज डॉ. आहूजा के पास, ग्वालियर पर होगी।

शोकाकुल परिवार
सुनीता सक्सैना - आदित्य सक्सैना , बबीता सक्सैना- गज्जैन सक्सैना
पूनम श्रीवास्तव - अमित श्रीवास्तव (बेटी -दामाद)
नाती : मिलन सक्सैना, मोहित सक्सैना, आर्यन श्रीवास्तव समस्त परिवार

महाकाल 9630076798

मांधोगंज डॉ. आहूजा के पास, ग्वालियर मो.7223851021, 7610772823

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 07 भवन क्रमांक H-40 स्थान राधा विहार में स्थित है जो कि हीरा बाई पचौरिया/ओमप्रकाश पचौरिया के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1004329246 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602025ए1206315 दिनांक 27/03/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 14/10/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 75/2011 /54505/54442 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 15-10-2025
आवेदक का नाम/पता
जयंती पचौरिया/हेमंत पचौरिया
पता : एच-40 राधा विहार,ग्वालियर म.प्र.
मो. 9926292008

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 08 भवन क्रमांक... स्थान नरसिंह नगर में स्थित है जो कि गुड्डी सिकरवार/रामवीर के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000084047 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी21/जीआर17402025ए100199740 दिनांक 11/04/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 14/10/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 75/2011 /54506/54443 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 15-10-2025
आवेदक का नाम/पता
सुनील सिंह सोलंकी/रामनरेश सिंह सोलंकी
पता : नरसिंह नगर,ग्वालियर म.प्र.
मो. 9131472560

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 52 भवन क्रमांक... स्थान गुढ़ा में स्थित है जो कि अभय श्रीवास्तव/आर.एल.श्रीवास्तव के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 2000232155 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी21/जीआर17402025ए100403435 दिनांक 02/06/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन किया गया है. जिसका आवेदन है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 15-10-2025
आवेदक का नाम/पता
राजपाल सिंह गुर्जर/भूरे सिंह गुर्जर
पता : गुढ़ा,ग्वालियर म.प्र.

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 17 वार्ड क्रं. 39, भवन क्रं. 1232, स्थानः लोहागढ़ पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती शान्ती देवी / स्व. श्री जानकीदास भारद्वाज के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000298603 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 625 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. मृत्यु उपरान्त-उत्तराधिकार के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढोली बुआ का पुल क्ष.क्रं. 17 पर दिनांक 14.10.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 71/2010/58091/58283/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्री त्रिलोकचन्द भारद्वाज / स्व. श्री योगेश्वर
श्रीमती लीना भारद्वाज / स्व. श्री अजय भारद्वाज
पता : लोहागढ़, वार्ड-39
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 14-10-2025

आम सूचना

श्री भीकम पुत्र श्री नारायण सिंह एवं श्री बलराम सिंह उर्फ दुर्गा सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.77, ब्लॉक-एफ स्थित जागेश्वरी नगर, पटेल मैरिज गार्डन के पास, ग्राम महाराजपुरा गिर्द, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.18 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.195/1 ग्राम महाराजपुरा गिर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 660 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-भवन श्री दुर्गा सिंह, उत्तर में-भूखण्ड क्र.78 ब्लॉक-एफ एवं दक्षिण में भूखण्ड क्र.77 का भाग ब्लॉक-एफ है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री भीकम पुत्र श्री नारायण सिंह एवं श्री बलराम सिंह उर्फ दुर्गा सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री भीकम एवं श्री बलराम सिंह उर्फ दुर्गा सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री प्रवीण कुमार जोशी पुत्र श्री सीताराम जोशी के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री प्रवीण कुमार जोशी द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास,सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक शर्मा पुत्र श्री रमेश शर्मा निवासी ग्राम समचौली, तहसील डबरा, जिला ग्वालियर, म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक आवासीय भू-खण्ड जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट है, जो सर्वे क्रमांक 07 राजस्व ग्राम सहराई का भाग होकर वार्ड क्र.08, सहराई, डबरा, तहसील डबरा, जिला ग्वालियर में स्थित है जिसकी चर्तुसीमा निम्न है :-पूर्व में-आम रास्ता, पश्चिम में-मनीष शर्मा की भूमि, उत्तर में मनीष शर्मा की भूमि, दक्षिण में-मनीष शर्मा की भूमि स्थित है, उक्त संपत्ति को आवेदक ने सम्पत्ति स्वामी श्री नेत सिंह पुत्र श्री पंचम सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 13, पुरेन्द्र पूरन टॉकीज, अर्जुन नगर शिक्षक कॉलोनी डबरा, तहसील डबरा, जिला ग्वालियर, म.प्र. से जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र ई-पंजीयन नं. MP142582025A1047219 से दिनांक 21/01/2025 को क्रय कर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, अलकनंदा, टावर 02, आदित्य कॉलेज के सामने, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के यहां आवास निर्माण ऋण के विरूद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, सर्वे क्रमांक 07 क्षेत्रफल 0.440 हेक्टेयर भूमि को पूर्व विक्रेता अन्य सह-स्वामियों के साथ संयुक्त, स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी के रूप में धारण करता था तथा उक्त सम्पत्ति से विक्रय-पत्र का निष्पादन विक्रेता ने अपने भाग की भूमि के किया। यह कि, उक्त सम्पत्ति का पूर्व मूल विकय पत्र ई-पंजीयन कमांक MP142582023A11662104 से दिनांक 29/03/2023 को आवेदक से कहीं गुम हो गया है जिसका आवेदक अथवा उसके संज्ञान में किसी अन्य के द्वारा किसी भी प्रकार से दुरूपयोग नहीं किया गया है। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति / व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत् कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो।

दिनांक : 14-10-2025
पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय ओशो ध्यान केन्द्र के पास, पटेल नगर, सिटी सेंटर, जिला ग्वालियर (म.प्र.). कार्या. समय-प्रातः 11.00 से सांय 05.00 तक

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 20 वार्ड क्रमांक 48 भवन क्रमांक 1478 स्थान सिन्धु आर्दश कॉलोनी में स्थित है जो कि नीता दे